बेमने ढंग से नत्थू ने हाथ-मुंह धोया और बड़बड़ाता हुआ खुद से बोला-“ना जाने किस बात कि बैठक है इतनी रात को, जो ऐसे बुलाया जा रहा सबको ।“ नत्थू ने गमछा से मुंह पोछा और चल दिया पीपल की ओर । रास्ते भर नत्थू इस नयी आफत के बारे में ही सोचता रहा । कितने ही ख़याल आ रहे थे उसके मन में । “कहीं किसी ने आत्महत्या तो नहीं कर ली, या फिर किसी की बेटी तो नहीं भागी । क्या पता? पिछले ही साल गोवर्धन का बेटा भागा था । और तो और वो भी रामलाल कुर्मी की बेटी के साथ । पुरे गाँव में बवाल हुआ था । ऐसे ही रात को अचानक सभा बुलाई गयी थी । गिनकर २० घर ही तो है हम मेहतरो कि और ३५० घर है चौधरी और कुर्मियों के । उनके सामने हमारी औकाद ही क्या है भला । उन्ही के दया और पानी से तो गुजारा होता है । तब गोवर्धन को काम से भी निकाल दिया था और सारी रात मेहतरो को पीपल के पास बंधक बना कर रखा। छोटे बच्चो तक को न छोड़ा । छप्पड़ के खूंटे से बाँध दिया सभी को । वह रात बिलकुल आफत थी । और गरीब घर के औलाद जब ऐसी हरकत करे तो मरने के सिवा कोई रास्ता भी तो नहीं सूझता । गोवर्धन की पत्नी ने तो जेहर भी खा लिया था, सोचा पंचायत के जुल्म सहने से अच्छी होगी मौत । पर बेचारी मर भी न सकी । किसी तरह बचा लिया गया उसे और फिर बिरादरी में बिठाकर उलाहनें भी दिए गए । जब तक उसका बेटा और रामलाल की बेटी नहीं आई तब तक सबके लिए जीना मुश्किल था । महीने बाद उसकी बेटी लौटी । रामलाल के बेटे का दोस्त है किशन, उसी ने बहला फुसलाकर दोनों को गाँव आने को राजी किया, कहा कुछ नहीं होगा गाँव वाले मान जायेंगे । किशन और गोवर्धन का बेटा अच्छे दोस्त थे, दोनों गाँव के दूसरे लड़कों के साथ दिनभर मस्ती करते फिरते थे ।
रामलाल की बेटी आने को तैयार ना थी, उसे मालूम था कुर्मी-पंचायत में औरत-मरद, छोरा-छोरी के मामले में कैसे लड़का-लड़की की पिटाई होती थी, फिर ये दोनों तो भागकर आये थे । पर अंत में उसे भी मानना ही पड़ा ।“

उस दिन फिर पंचायत बैठी थी और गोवर्धन के बेटे से जबरदस्ती यह मानने को कहा की उसी ने भगाया है रामलाल की बेटी को । पर डर के मारे उसकी तो बोलती बंद थी । फिर रामलाल की बेटी ने ही कहा, “नाय (नहीं ) हम हीं उकरा कहे रहे की हमर के भगा के ले चल । हम अपन मन से गए रहल” । (नहीं मैंने ही उसे कहा था की मुझे भगा के ले चलो, मै अपने मन से गयी थी ।)

इतना सुनना था कि कुर्मी नौजवानों को जैसे आग लग गयी हो, बौखला गए सभी । किसी ने कहा– “तू नहीं जानत कि ई मेहतर है, छोट जात है । हमनी सब भी रहे हल, हमनी में से किकरा के काहे नहीं चुन लिया तूने ?” (तुम नहीं जानती थी की यह छोटे जात का है, हम सब भी तो थे, हम सभी में से किसी को क्यों नहीं चुन लिया)

“आज के ज़माने में कौन मानत (मानता) है जात-पात । और इतनी ही दिक्कत है तो काम पर काहे (क्यों) रखत हो छोट जात को । और मोहना भैया भी तो ब्याहता (शादी-शुदा) औरत को भगा के आयल (आया) है । प्यार जबरदस्ती ना होत है कि हम तोहनी (तुम सभी) में से चुन लेती किसी को ।“–रामलाल कि बेटी ने कहा

“कैसे फटर-फटर मुंह चलावत है ई छोरी । पढ़ लिख के बड़का नेता बन गएल है । अइसन बेटी के तो जिन्दा गाड़ देना चाहिए” –कोई चीखा ।

किसी से सहा नहीं जा रहा था उसका सच । भला प्यार के पंछी को इन सब बातो से क्या लेना देना होता है। रामलाल की बेटी ने पूरी पंचायत के सामने जैसे सच का आइना दिखा दिया हो । ३५० घर वाली बस्ती की लड़की २० घर की बस्ती का सच बोल रही थी ।

कुर्मी पंचायतो की बेइज्जती उसी के जात की लड़की कर रही थी । फिर उन्ही की बिरादरी का एक लड़का उठा और उसने रामलाल की बेटी को झापड़ लगाये, और देखा देखी सभी ने अपने अपने हाथ साफ़ किये उस अबला पर । रोता हुआ रामलाल और उसकी पत्नी ने अपनी बेटी को किसी तरह बचाया और घर ले गए । मगर गोवर्धन के बेटे को किशन और उसके साथियो ने ही खूब पिटा । जो दोस्त यह बोलकर उसे वापस लाया था कि वह उसे कुछ नहीं होने देगा, उसी ने मार मार कर बेचारे का हाथ पांव तोड़ दिया । पंचायत चुप रही ।

किसी ने कुछ नही बोला । आखिर सबको उसी गाँव में ही तो रहना था ना, बिरादरी के साथ । उस रात सभी खामोश रहे बस जश्न मना रहे थे वही बाहुबली, जिन्होंने दंभ भरा इज्जत बचाने का, बिरादरी की इज्जत ।

ऐसे तमाम खयालो को मन में लिए डरा डरा नत्थू पीपल के पास पंहुचा । वहां सारे मेहतर बिरादरी के लोग जमा हो रहे थे । नत्थू को देख सबने उसे भी बिठाया । आपस में खुसुर-फुसुर चल रही थी सभी की । किसी को समझ नहीं आ रहा था की आखिर इतनी रात को क्यों बुलाया गया है उन सभी को । कुछ देर में सभी इकट्ठे हो गए वहां । फिर बिट्ठन चाचा खड़े हुए और उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा–

"खबर मिली है कि हमें सरकार की तरफ से ज़मीनें मिलने वाली है, चौधरी और कुछ लोगो ने सरकार को ज़मीनें दान में दी है, और वह ज़मीन हमें मिलेंगी ।"
"कहाँ की ज़मीनें मिलेंगी" –किसी ने पूछा ।
"गाँव से थोड़ी दूर पर कुछ ज़मीनें हैं, और जहाँ कहीं भी हो सरकार ज़मीन दे तो रही है । सोचो अपनी ज़मीन होगी तो कम से कम कुछ तो भला होगा ।"–बिट्ठन चाचा ने कहा ।
"अरे इसमें तो मुझे कोई चाल लगती है ये बड़े लोगो की । इस गाँव से भगाने का नया टोटका तो नहीं ये ।"–भीड़ से किसी ने कहा ।
"नहीं बगल के गाँव में भी हमारी ही बिरादरी के भाइयों को कल ही सरकार और चौधरियो ने बाटी ज़मीनें । पूरा गाँव इकठ्ठा हुआ था ।" –बिट्ठन चाचा ने कहा ।
"हुंह!! ऐसा हो सकता है क्या भला? अरे जो चौधरी सदियों से हमारे पीने के पानी पर भी हुकूमत करता हो वह अपनी ज़मीनें हमें देगा !" –एक बूढ़े ने कहा और सवालिया निशान छोड़ दिया भीड़ पर ।
"अगर ऐसा है, और यह वाकई सच है तो फिर हमारे बंधुआ मजदूरी के दिन लद गए । अब इन चौधरियो और बड़े लोगो कि हुकूमत करने की कोई जरुरत नहीं ।"–भीड़ से किसी ने कहा ।
"मत भूलो अगर ऐसा होता भी है तो हमें उनका शुक्रिया-अदा करना चाहिए । भले ही हम उनके मजदूर हो पर यह ज़मीनें उनकी वजह से ही हमें मिलेंगी ।"–बिट्ठन चाचा ने समझाया ।
"अरे ! काहे का शुक्रिया करें उनका, न जाने कितने ज़ुल्म किये हम पर । बहुत दिनों तक खून चूसा है हमारा । यह ज़मीनें हक़ है हमारा।" –भीड़ से उसी आवाज ने कहा ।

नत्थू चुपचाप कोने में बैठा ये सब सुन रहा था । उसे कुछ समझ नहीं आ रहा था कि क्या होने वाला है । घर में कुवारी बेटी थी, जिसकी शादी कि फिकर में वो दिन रात चौधरी और कुर्मी की गुलामी करता है । इस उम्मीद में कि उनके रहमो-करम से बेटी की शादी का शायद बंदोबस्त हो जाए । पर इस खबर ने उसे एक नयी उम्मीद दी । उसे लगने लगा की अपनी ज़मीन होगी तो शायद वह खुद की खेती से कुछ जोड़ पाएगा, बेटी की शादी के लिए ।
असमंजस में डूबा नत्थू सभा की समाप्ति के बाद घर लौट आया और कल की नयी सुबह के इंतज़ार में सो गया । इस उम्मीद से की यह नया सुबह एक नया सवेरा लायेगा । शायद मेहतरो के जीवन से फिर एक अंधियारा हटेगा–मज़बूरी का, विवशता का ।

बहरहाल अगली सुबह हुई । सूरज निकला, उसी दिशा से जहाँ से हमेशा उदित होता है । और ये प्रमाणित हुआ की सत्य है–समय और परिवर्तनशील ब्रह्माण्ड ।
नत्थू की सुबह हर रोज की सुबह सी नहीं थी । आज एक नए उम्मीद और उमंग की छांव में उसका मन ठंडक से भरा था । अहले सुबह हीं वो काम पर पहुँच गया । दिनभर ललचाये मन से और दुगनी ताकत से काम करता रहा, यह सोचकर कि शायद यहीं पे चौधरी उसे ज़मीन दे दे । शाम तक थककर चूर हो चुका था नत्थू, अब उसकी उम्मीद डगमगा सी रही थी । उसे रात को सभा में हुई बातें याद आ रही थी, और मनिया पर गुस्सा भी आ रहा था । उसी ने बुलाया था देर रात, और ऐसी उम्मीदें जगाई । पर उस रोज ऐसा कुछ भी तो ना हुआ । उदास मन से नत्थू घर आ गया । ठन्डे पानी से नहाया, और खटिये पर बैठकर सपने देखने लगा । बेटी ने खाना लगा दिया । खाना खाकर नत्थू वहीं खाट पर ही सो गया । कब आँख लगी पता ही ना चला, सीधे अगली सुबह आँख खुली । मन में उम्मीद लिए वापस निकल पड़ा मजदूरी पर । अभी थोड़ी दूर आया ही था कि दूर से माइक की आवाज आने लगी । उसके चेहरे पे चमक सी आई । विश्वास हो चला मनिया की बात का । दौड़ा-दौड़ा उस ओर भागा । आवाज वहीँ पीपल के पेड़ के पास से आ रही थी । खूब भीड़ लगी थी वहां । कुछ लोग चबूतरे पे खड़े थे । सफ़ेद कुरता पहने । जिसने माइक पकड़ा था, शायद कोई नेता लग रहा था । लम्बी दाढ़ी, गोरा चेहरा और बुलंद व्यक्तित्व । नत्थू ध्यान से उनकी बातें सुनने लगा ।

*"हमें इस समाज को बेहतर बनाना है तो हर व्यक्ति को अपना दायित्व समझना होगा । एक विकसित समाज के निर्माण हेतु हर छोटा से छोटा इकाई भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि कोई बड़ी । समाज का हर वर्ग महत्वपूर्ण है । एक सम्पूर्ण समाज की तुलना चांदनी रात से करना गलत होगा । चाँद की तेज़ ज्योति में तारो की महत्ता गौण हो जाती है, परन्तु हकीकत तो यही है की तारो की महत्ता भी उतनी ही है । और यह महत्व सिर्फ अमावस की रात को नजर आती है । जब ये चमकते हैं ।"*

*“अगर समाज का कल्याण करना है तो सरकार की उम्मीद में मत बैठो, वरन सक्षम लोग आगे बढ़कर इस समाज को आगे ले जाने का जिम्मा उठाये ।”*
*“लोभ विनाश और अधोगति का महत्वपूर्ण कारण होता है ।”*
*“इस समाज के हर तबके के लोगो की मूलभूत आवश्यकता एक ही है । रोटी, कपड़ा और मकान । फिर ऐसा क्यों होता है कि हमारे ही प्रजाति के लोग भूख से मर रहे होते हैं और गुलामी करने को मजबूर होते हैं । अगर लोग अपने इस लोभ को त्यागने में सक्षम होते हैं तो एक ऐसा वातावरण और समाज का निर्माण होगा जहाँ सामाजिक अंतर और शोषण को मिटाया जा सकेगा ।”*
*“भूदान इस दिशा में एक ऐसी ही पहल है । अतः जो लोग स्वेच्छा से इस कार्य में योगदान देना चाहते हैं उनका स्वागत है । यह महज एक सेवा और नेक काम नहीं बल्कि दयालुता का साम्राज्य स्थापित करने की दिशा में एक चरण है ।”*

नत्थू खड़ा होकर देर तक भाषण सुनता रहा । उसे तो बस अपने सपने दिख रहे थे । शाम तक गाँव के सारे लोगो की सूची बनाई गयी जिनके पास ज़मीन नहीं थी । नत्थू ने पहली लाइन में लग कर ही अपना नाम लिखवाया । सरकारी कर्मचारियों ने सभी को सरकारी दफ्तर आने को कहा ताकि ज़मीन का सही आवंटन हो सके । नत्थू खुश होकर चला गया काम करने, वापस उसी तरफ जहाँ हमेशा जाता था । मगर अबकी बार उसे उम्मीद और विश्वास हो चला था कि उसके दिन बदलने वाले हैं ।

हर बार की तरह इस बार भी कोई आया था जिसने पुरे गाँव को बुलाकर एक दफा फिर मेरी छांव तले सपने दिखाए । यह भी एक समय था जब उस व्यक्तित्व के प्रभाव ने समाज में फैले सदियों के फासले को कम कर ही दिया । मैंने एक बड़ा बदलाव देखा उस दिन । चौधरी और बड़े तबके के ज़मींदारो ने जो ज़मीनें दान की वह वाकई एक अद्भूत कार्य था । उस व्यक्तित्व का प्रभाव ही था जिस वजह से एक नयी विचारधारा ने गाँव में नींव रखी । कुछ वर्षो तक यह सिलसिला अच्छा चला । पंचायत की यही कोशिश होती थी कि गाँव के सारे मसले आपस में ही मिलजुल कर सुलझा लिए जाए । मगर समय अपना रंग जरुर दिखलाता है । शरीर के दाग को एक बार धोया जा सकता है पर मन के दाग को धोना आसान नहीं । समय की बदलती धुरी ने फिर से नए हालत को जन्म दिया । वही ज़मीनें जिन्हें दानस्वरूप मेहतरो और हरिजनों को दी गयी था, जमींदारों के वंशजो ने वापस हथिया ली । जिनके पास ज़मीन के कागजात थे वो अपनी आवाज उठाने में थोड़ा सक्षम भी थे । मगर जिन्होंने वह कागज खो दिया था उनके लिए बाहुबलियों से मुकाबला करना मुश्किल हो गया ।

**गाँव के लोग–शहर का सपना**

आज सुबह से ही गाँव में हलचल सी थी। नत्थू की बगल वाले घर के बाहर भीड़ इकट्ठी थी। कुछ अपशगुन सा हुआ जान पड़ता था। भीड़ बढती ही गयी। धीरे धीरे लोगों की जमात इकट्ठी हो गयी। जो कोई भी उधर से जाता उसे कहते सुनता– "यह तो होना ही था। उसका चाल-चलन शुरू से ही गड़बड़ था।"
किसी ने कहा– "शहर जाने की जरुरत ही क्या थी, पैसा कमाने की ऐसी भी क्या पड़ी थी जो बीवी बच्चे को भी साथ ले गया।" यह सुनकर किसी ने कहा– "अरे पैसा न कमाए तो क्या करे, बाढ़ में बेचारे की सारी खेती और संपत्ति ऐसे ही बर्बाद हो गयी थी, क्या करता बेचारा।"

दूर से देखने की विवशता और हालात को समझने की उत्सुकता से विचलित हुआ जा रहा था मै। तभी रामनारायण चौधरी का बड़ा बेटा शिवराम वहां आया और उसने वही मेरे छाव में खड़े होकर नत्थू को चिल्लाकर पुकारा। नत्थू भागा-भागा आया। उसने नत्थू से पूछा–
"काहे (क्यों) इतना भीड़ काहे लागल (लगी) है।"
"वो गोवर्धन मर गया! उसने जहर खा लिया।" नत्थू ने कहा।
"क्या? अरे क्यों ? पर ऊ तो मुंबई में है न? शिवराम ने उत्सुकतावश पूछा।"
"हाँ मालिक ऊ गोवर्धन के दोस्त ने फ़ोन करके बताया सब।" नत्थू ने उसकी घर की ओर देखते हुए कहा।
"पर हुआ क्या? काहे खाया वो जहर?" शिवराम ने पूछा।

गोवर्धन के ऐसा निर्णय लेने पर मुझे अफ़सोस हुआ। वृक्ष होने का शायद यह एक शाप कहिये या वरदान कि हमारे अन्दर आत्महत्या की प्रवृत्ति नहीं होती। वरना समय की धुरी पर जितने दुःख हमने देखे हैं, हमें भी मुक्ति का यह रास्ता अपनाना होता। नत्थू ने जो कहानी सुनाई वह कुछ ऐसी थी।

मुंबई शहर में गोवर्धन का दोस्त नंदू ऑटो चलाता था। उसी के बुलाने पर वह भी वहां चला गया। पिछले साल की बाढ़ में उसकी ससुराल वालो ने सबकुछ खो दिया था। बाढ़ का असर बहुत व्यापक और वीभत्स था। उसकी पूरी ससुराल उठ कर यहाँ इसी के घर आ गयी थी। बेचारे और करते भी क्या सारा गाँव पानी में जो डूब गया था। माल-जाल, अनाज, घर-बाड़ सब डूब गया। गरीब घर का तो है ही गोवर्धन। घर में माँ और उसके बूढ़े पिता थे। घर की हालत पहले से ही बहुत अच्छी नहीं थी। कमाई इतनी भी नहीं थी कि इतने बड़े परिवार का खर्च उठाया जा सके। गोवर्धन ने सोचा नंदू की तरह शायद मुंबई जाकर ऑटो चलाएगा तो ज्यादा पैसा कमा पाएगा, और घर की चिक-चिक से दूर भी रहेगा। इसी उम्मीद से अपनी पत्नी गोमती और बेटी छुटकी के साथ वह मुंबई चला गया।

पहली बार शहर आया था। वह भी अपने छोटे से गाँव महुआ से सीधा मुंबई। भागती दौड़ती, तेज़ रफ़्तार का शहर। तीनो अवाक् से थे, जब यहाँ पहुचे। गोवर्धन के मन में घबराहट भी हुई की कैसे गुजारा होगा यहाँ ? मगर नंदू ने हिम्मत बंधाई इसलिए उसे उम्मीद थी। नंदू ने उन्हें अपनी ही सोसायटी में रहने के लिए कमरा दिलवाने की कोशिश की। मगर ज्यादा किराया होने की वजह से गोवर्धन वह कमरा ले ना सका। बहरहाल, नंदू ने अपनी सोसायटी से थोड़ी ही दूर उसे एक कमरा दिलवा दिया, छोटा सा और किराया भी कम। मगर एक समस्या थी कि वहां नंदू या गोवर्धन के शहर से, या उनकी भाषा जानने वाले लोग शायद न के बराबर थे। बस एक रत्नेश भैया थे जो भागलपुर के रहनेवाले थे। नंदू के अच्छे दोस्त थे। इस शहर में पिछले पंद्रह साल से थे और नंदू को भी उन्होंने ही यहाँ बुलाया था। खैर, पैसे की किल्लत और मजबूरीवश गोवर्धन ने वहां रहना स्वीकार कर लिया। नंदू ने अगले ही दिन उसे अपने ऑटो मालिक से मिलवाया और एक ऑटो रिक्शा दिलवा दिया।

ढेरो सपने संजोए नए शहर में गोवर्धन ने सोचा की जल्दी जल्दी पैसा कमाकर यही पर एक अच्छा सा मकान ले लेगा। मगर कुछ ही महीनो में यहाँ की भाग-दौड़ से वो चिढ़ सा गया। उसे महसूस होने लगा कि वह ज्यादा दिन यहाँ नहीं रह सकता। अक्सर वह नंदू को इस बारे में बोलता भी था। उसे गाँव का वह काम याद आता। भले ही खेत में काम करना पड़ता था वहां मगर उसमें सुकून था। आराम करने का समय होता था। दोस्तों के साथ चार बातें करने का समय होता था। उसे याद आता था कि कैसे पीपल के नीचे बैठ सभी शाम को पत्ते खेलते थे। कैसे वह वहीं सो जाया करता था। कैसे अहली सुबह गाए-बैलो की आहट और बां-बां से नींद खुलती थी उसकी। मगर यहाँ शहर का शोर उसे काटने लगा था। यहाँ वह दिन भर ऑटो चलाता। सुबह ही निकलता दस बजे घर से टिफिन लेकर। दोपहर के नाश्ते के लिए भी वापस न आता। कभी-कभी अगर दोपहर को आता भी तो वापस काम पर जाने की इच्छा न होती। इसी डर से वह दिन भर बाहर ही रहता और सीधे रात को देर दस या ग्यारह बजे तक घर आता। थकान इतनी होती थी कि खाना खाकर सीधा सोना ही सूझता था उसे। जल्दी जल्दी पैसा कमाकर वापस जाने की होड़ में वह भूलने लगा की उसकी एक पत्नी और छोटी बच्ची भी है।

अब तो गोमती गोवर्धन से लड़ने भी लगी थी। वह भी चाहती थी की वह पैसा कमाए मगर परिवार से इस तरह दूर होकर नहीं। उसे गोवर्धन का इस तरह व्यस्त होना पसंद नहीं था। वह गोवर्धन के रोज के ऐसे दिनचर्या से परेशान थी। गोवर्धन सुबह निकालता और रात को आता। गोमती से न ज्यादा बातें होती न ही गोवर्धन उसकी अन्य जरूरतों के बारे में सोचता। उसकी शादी को वैसे भी तीन ही साल तो हुए थे। वह खुद के लिए भी समय चाहती थी। मगर गोवर्धन तो कहीं और खोया रहने लगा था। नंदू ने भी उसे समझाया कि देर रात तक ऑटो चलने की भला क्या जरुरत। नंदू खुद शाम पांच बजे के बाद

घर चला जाता था। उसके भी दो बच्चे थे जो वही के एक स्कूल में पढ़ते थे। मगर गोवर्धन पर इन बातो का कोई असर ही न होता। वह बस जल्दी जल्दी पैसा कमाकर वापस जाना चाहता था। गोमती से अक्सर कहता की वह ज्यादा दिन नहीं रहेगा यहाँ।

धीरे धीरे गोमती ने भी उसे कुछ कहना कम कर दिया। जब गोवर्धन बाहर होता तो ऐसे हाल में उसका सारा दिन यूहीं घर में ही बीतता था। उसे यहाँ पर सबकुछ बहुत उबाऊ और नीरस सा लगने लगा था। वहां गाँव में कम से कम बतियाने को आजू बाजू के सारे लोग तो थे। और शाम होते ही सब घर को आते तो थे। पर यहाँ वह किससे बात करे। उसे तो हिंदी आती है और वो भी गाँव वाली अल्हड़ सी, और यहाँ सोसायटी में सभी मराठी बोलते थे। उसने कभी किसी को हिन्दी बोलते सुना ही नहीं। मगर उसने खुद ही धीरे धीरे पहल की, बातचीत के लिए। कभी कुछ मांगने के बहाने तो कभी कुछ पूछने के बहाने। उसे यह महसूस हुआ की वो लोग भी हिन्दी समझते थे, बस बोलते नहीं थे। उसे इस बात की अब तसल्ली रहती की कम से कम बात करने को कोई तो मिला। नए शहर में इस तरह अनजान लोगो से घुलने मिलने में वक़्त तो लगता ही है। अब उसका दोपहर और खाली का वक़्त अक्सर बगल की कमला बाई के साथ बीतने लगा था। दोनों अक्सर साथ बैठकर ही टी.वी. देखते। गोवर्धन के काम पर जाने के बाद अब तो अक्सर कमला खुद ही गोमती से मिलने आ जाती और दोनों घंटो बैठकर बाते करते। बातो ही बातो में उसे गोवर्धन के बारे में भी मालूम हुआ।

गोमती और कुछ महिलाओं को छोड़ उस सोसायटी की सभी औरतें काम पे जाती थी। कमला सुबह आठ से बारह बजे तक बाहर जाती थी और बाकी टाइम घर पे रहती थी। कमला ने एक दिन गोमती से पूछा की वो भी कोई काम क्यों नहीं करती। अकेले उसका पति कितना कमाएगा। दो लोग कमाएँगे तो घर की जिम्मेदारी आसानी से निभेगी और वैसे भी वह घर में खाली ही बैठी रहती है। उसे घूमना चाहिए। इस शहर में नयी आई है, उसे खुद के लिए अपनी भी एक दुनिया बनानी चाहिए। गोमती को ये बातें भा सी गयी।
गोवर्धन के पैसा कमाने की होड़ में वह अकेली ही हो गयी थी। उसने गोवर्धन से बात करने की सोची।

रात को गोवर्धन लौटा। थका हारा। उसने खाना देते वक़्त ये बात उससे कही कि वह भी कमला की तरह कोई काम करना चाहती है और फिर इतने दिन हुए इस शहर में इसलिए घूमना भी चाहती है। पिछले आठ महीने से यहाँ अकेले अकेले ऊब सी गयी है। गोवर्धन ने उससे कहा की वह उसे घुमा देगा मगर उसे काम करने की कोई जरुरत नहीं। गोमती थोड़ी खुश हुई।

रविवार को हर जगह काफी भीड़ होती है। इसलिए मंगलवार के दिन छुट्टी लेकर गोवर्धन ने गोमती और छुटकी को मुंबई की अच्छी बड़ी जगहें घुमाई, एलिफेंटा, गेटवे ऑफ़ इंडिया, मरीन ड्राइव और चौपाटी। गोमती विस्मित होकर खो सी गयी थी। ऐसी जगह पहले कभी नहीं देखी थी ना। कभी इतनी भीड़ भी नहीं देखी थी। हर जगह से लोग आ रहे थे, देश हो या विदेश। वह चकित सी थी और बहुत खुश भी। शाम तक सभी घर आ गए। शहर की चमक गोमती को भा गयी।

कमला बाई के यहाँ अक्सर घनश्याम आया करता था। वह कमला का भतीजा था। उम्र में लगभग तीस बत्तीस का होगा। लम्बा कद काठी, गोरा चेहरा, बड़ी आँखें, घुंघराले बाल। खाली समय में दोनों की मुलाकात कमला ने एक दूसरे से कराई। गोमती भी सुन्दर थी। औसत कद, गेहुआं रंग, खुबसूरत आँख, भरा भरा चेहरा, और लम्बे बाल।

घनश्याम बहुत बातूनी था। बहुत जल्द ही उसने भांप लिया कि गोमती को शहर के किस्से कहानियाँ बहुत पसंद है और घूमने का भी शौक है। इसलिए वह अक्सर उसे यहाँ की दिलचस्प किस्से कहानियाँ सुनाया करता था। उसकी कहानियाँ अक्सर उसकी अपनी रोमांचक कहानियाँ हुआ करती थी। कुछ सच कुछ मनगढ़ंत। मगर उसकी बातें गोमती को अच्छी लगती थी। कमला की अनुपस्थिति में भी अब घनश्याम गोमती से मिलने आने लगा।

एक दिन रत्नेश ने घनश्याम को गोमती के साथ देख लिया। दोनों हँस-हँसकर बातें कर रहे थे। रत्नेश गोमती और छुटकी से उनका हाल समाचार लेने गया था। मगर घनश्याम को गोमती के साथ देख वह थोड़ा अचंभित हो गया। रत्नेश घनश्याम को अच्छी तरह जानता था। अचानक रत्नेश को वहां आया देख दोनों ही असहज से हो गए। छुटकी वहीं दरवाजे के पास बैठी खेल रही थी। कुछ देर ठहरने के बाद रत्नेश वहां से चला आया। उसे घनश्याम और गोमती का इस तरह घुल मिलकर बातें करना अटपटा सा लगा। घनश्याम एक नम्बर का धूर्त था यह बात वह अच्छे से जानता था। उसने सोचा कि वह ये बात गोमती को बाद में समझा देगा।

गोवर्धन अब भी यूही व्यस्त-व्यस्त रहता था। उसे बस जल्दी वापस जाने की इच्छा होती थी। हर बार सोचता कि कुछ दिन और रुक कर चला जाएगा, पर उसका यह इंतज़ार ख़त्म ही न होता था।

इधर गोमती और घनश्याम कि नजदीकी भी बढ़ रही थी। एक दिन काम से दोपहर को लौटते वक़्त रत्नेश ने घनश्याम और गोमती को साथ-साथ घूमते देख लिया। वह जल्दी घर गया, उसने देखा छुटकी

कमला बाई के घर में है और गोमती के कमरे के बाहर ताला लगा है। पूछने पर कमला ने बताया की वह किराने का सामान लाने बाहर गयी है । रत्नेश को शक हुआ । उसने तुरंत गोवर्धन को फ़ोन करके गोमती किधर है यह पूछने को कहा । गोवर्धन रत्नेश के अचानक ऐसे सवाल से घबरा गया । उसने गोमती को फ़ोन किया तो गोमती ने कहा कि वह तो घर पर ही है । यह बात गोवर्धन ने रत्नेश को बताई । रत्नेश की समझ नहीं आ रहा था की वो क्या बताये, डरते डरते उसने उससे सच कह दिया । गोवर्धन को विश्वास न हुआ । उसे समझ नहीं आ रहा था की गोमती ने ऐसा झूठ क्यों बोला । और वह किसके साथ घूम रही थी ।

आज गोवर्धन घर जल्दी ही आ गया । गोमती ने अचानक से उसे जल्दी आया देख आश्चर्य व्यक्त किया और इतनी जल्दी आने का कारण पुछा । गोवर्धन ने कुछ नहीं कहा । हाथ मुँह धोकर वह उसके पास बैठा । उसने गोमती से सिर्फ एक सवाल किया की उसने आज झूठ क्यों बोला? और वह किसके साथ घूम रही थी? छुटकी अकेली क्यों थी? अचानक ऐसे सवाल सुनते ही गोमती सकपका सी गयी । वो झटके से खड़ी हुई और गुस्से सा चेहरा बना कर गोवर्धन के ऊपर ही बरस पड़ी यह कहते हुए की किसी ने उसके कान भरे हैं । वह क्यूँ झूठ बोलेगी भला । वह तो किराने का सामन लाने गयी थी । चिल्लाते हुए उसने कहा की वह किसी के साथ नहीं घूम रही थी । गोवर्धन ने गोमती को ऐसे चिल्लाते नहीं देखा था कभी, उसे लगा शायद वह सच कह रही है । उसने कुछ न कहा । खाना खाकर सोने चला गया । सोने से पहले मन में कई विचार आते रहे उसके । सोचा कि भला रत्नेश झूठ क्यों बोलेगा? और तो और उसी ने बुलाया उसे यहाँ रहने को । वह तो भला ही चाहता है उनका । फिर गोमती भी तो चिल्ला रही थी वह भी तो झूठ नही हो सकता । शायद रत्नेश को ग़लतफहमी हो गयी होगी । मगर इस घटना से गोवर्धन थोड़ा सहम सा गया । सोचा अगर वाकई गोमती झूठ बोल रही हो और रत्नेश की बात सच हो तो क्या होगा? उसे अचानक से एहसास होने लगा की अगर ऐसा होता भी है तो वह खुद इसका जिम्मेदार होगा । वो तो यह भूल ही गया था की उसका परिवार भी है । उसने मन ही मन ठान ली कि अब वह पैसे कमाने की ऐसी जल्दी नहीं करेगा और रत्नेश की तरह घर और काम दोनों में संतुलन बनाएगा । ऐसा सोच गोवर्धन ने अपने आप को तसल्ली दी और सो गया ।

मगर गोमती गोवर्धन की मानसिक वेदना से अनजान थी । वह जिस समुद्र की वासिनी थी उसका पानी उसे अब नहीं भा रहा था । किसी खुले परिंदे के रोमांच से रोमांचित होकर वह भूल गयी की क्या सही और क्या गलत । उसे अब दूसरे समुद्र की गहराई नापने का रोमांच आने लगा था । और उसे तो बस इस बात की ख़ुशी और सुकून हो रहा था की उसने गोवर्धन से कैसे झूठ बोलकर खुद को बचा लिया ।

अगली सुबह ही गोवर्धन को उसके ऑटो मालिक का फ़ोन आया । शायद सवारी दूर की थी इसलिए उसे पांच-छह दिन के लिए शहर के बाहर जाने को कहा । गोवर्धन ने गोमती को बताया और दोपहर तक निकल गया । गोमती को तो जैसे पर लग गए हो । वह खुश हुई कि अब वो आजाद है कुछ पलों के लिए ।

गोवर्धन की नामौजूदगी में घनश्याम से वो घर पर ही मिलने लगी । उसे इस बात की तसल्ली थी कि गोवर्धन नहीं आने वाला । मगर वह इस बात से अनजान थी की शायद पल भर की ख़ुशी के चक्कर में वह एक गलत भंवर में फस रही है ।

बहरहाल वही हुआ जो किस्मत को मंजूर था । गोवर्धन तीन दिन में ही वापस आ गया । उसे दूर जाने के अच्छे पैसे भी मिले और उसकी तनख्वाह भी । वह बहुत खुश था । वापस आने की खबर उसने गोमती को नहीं बताई । वह गोमती को अचानक जाकर अचरज में डालना चाहता था । उसे उम्मीद थी कि गोमती बहुत खुश होगी । उसने छुटकी और गोमती के लिए कुछ कपड़े लिए और घर चल पड़ा । घर पहुंचा तो देखा कि छुटकी कमला बाई के घर के चौखट पर बैठी खेल रही थी । गोवर्धन को देख वह दौड़ी-दौड़ी पापा-पापा चिल्लाते हुई भाग आई । गोवर्धन ने देखा कि घर का दरवाजा अन्दर से बंद है । उसने छुटकी से पूछा “मम्मी किधर है?”
“ वह किसी अंकल के साथ अन्दर है कुछ काम कर रही हैं? छुटकी ने तुतलाते हुए कहा ।
गोवर्धन को लगा शायद कोई गाँव से आया है या रत्नेश है अन्दर । वह दरवाजा खटखटाने लगा । गोमती ने दरवाजा खोलने में थोड़ी देर कर दी । गोवर्धन को अचानक देख वह एकदम घबरा सी गयी । गोवर्धन ने देखा कि घनश्याम अन्दर बैठा था । गोवर्धन को रत्नेश की बात याद आ गयी । वह टूट गया । उसने गोमती की तरफ देखा । घनश्याम उठा और चला गया । गोमती कुछ बोल नहीं पा रही थी । गोवर्धन ने गोमती को बताया कि वह उसे अचानक खुश करना चाहता था इसलिए उसने उसे जल्दी आने वाली बात नहीं बताई । उसने गोमती के हाथो में सारी तनख्वाह दी, उसे यह भी बताया की भाड़े में उसे अच्छे पैसे मिले हैं । फिर गोवर्धन ने छुटकी को बुलाकर कपड़े दिए। गोवर्धन का चेहरा रुआँसा हो गया था । वह चाहकर भी गोमती को कुछ नहीं बोल पा रहा था । गोमती बुत सी खड़ी रही । वह गोवर्धन से नजरे नहीं मिला पा रही थी । गोवर्धन उठा और चला गया ।

शाम तक गोवर्धन वापस नहीं आया । गोमती परेशान थी । गोवर्धन के बिना कुछ कहे चले जाने के बाद उसे एहसास हुआ की वह क्या गलत कर रही थी । आत्मग्लानि और अपनी हरकतों से वह बहुत शर्मिंदा थी।

रात हो गयी गोवर्धन वापस नहीं आया । गोमती ने रत्नेश को सारी बात बताई और फूट-फूटकर रो पड़ी । रत्नेश ने उसे फ़ोन लगाया । मगर गोवर्धन ने फ़ोन नहीं उठाया । उठाता भी कैसे, इस शहर में, सपने पूरे करने की उसकी ख्वाहिश ने उससे उसका अपना उससे छीन लिया था । जब तक उसने पैसे की ख्वाहिश रखी तब तक ज़िन्दगी उसे दौड़ाती रही और जब उसने ज़िन्दगी को समझा तब उसके अपने उससे दूर हो गए । हारकर गोवर्धन ने अपनी जीवन लीला ख़त्म कर दी थी । सुबह रत्नेश को उसका शव मिला ।

गोवर्धन की ऐसी वेदनापूर्ण कहानी सुन मै बहुत विचलित था । समझ नहीं आ रहा था कि किसे दोष दूं । उसकी इच्छाओं को, उसकी गरीबी को, या उसकी कमजोरी को । शिवराम वहीं खड़ा हुआ नत्थू कि बातें सुनता रहा फिर अफ़सोस व्यक्त करते हुए बोला –

“ओह यह तो बहुत बुरा हुआ!”
“जी मालिक ! उसका दोस्त गोविन्द शव लेकर आ रहा है । साथ में गोमती और छुटकी भी आ रही हैं ।”–नत्थू ने बताया ।
शिवराम कुछ देर वही खड़ा रहा फिर चला गया ।

मेरे मन में भी कई सवालों ने डेरा बना लिया । मन बार-बार सोचने लगा की गोमती और छुटकी को यह गाँव किस तरह अपनाएगा । पता नहीं उसने जिन हाल-हालात में वह निर्णय लिया, क्या कोई उसे समझ पाएगा? मगर उन सबके आने के पहले ही सबने अपने अपने फैसले तो पहले ही सुना दिए थे । कोई हंस कर गया । किसी ने पूरे मेहतर जात पर ठप्पा लगा डाला कि यह जात ही नीच है । ऐसे ही कई सवालों के साथ मेरा मन भी व्याकुल हो उठा । पतझड़ का मौसम आ गया था । हरियाली कहीं नहीं थी, न मुझमें न गाँव वालो के मन में । सबकुछ नीरस था और ग़मगीन । सच ही कहा है-

*“सोना लाने पिउ गए, सूना हो गया देश,*
*सोना मिला, न पिउ फिरे, रूपा हो गया केश ।”*

**क्षणिक साहचर्य का सुख**

आज मोहन बहुत खुश लग रहा था । शाम को काम से लौटने के बाद अक्सर यहाँ बैठा करता है चबूतरे पर । उसके यार दोस्त भी आ जाते हैं । पर आज सिर्फ नमन ही बैठा है उसके साथ । मोहन की उम्र लगभग चालीस साल होगी । हट्टा-कट्टा शरीर, साँवला रंग, घुंगराले बाल, बड़ी और गोल-गोल आँखें, छोटी सी नाक, पतले होठ, गाल एक दम भरा भरा सा । पर मोटा नहीं कह सकते उसको । अपने सारे दोस्तों में वही थोड़ा अच्छा पढ़ा-लिखा है । अंग्रेजी भी आती है उसको। इसलिए सभी उसको ज्यादा मानते भी है, और अंग्रेज बोल बोलकर चिढाते भी है । मोहन पहले ऑटो-रिक्शा चलता था । आजकल बड़ी-बड़ी गाड़ियाँ चलाता, बड़े साहब लोगो को कहीं भी जाना हो सब मोहन के पास ही आते थे । नमन ने पूछ ही लिया कि वह किस बात से इतना खुश है । उसको इतना खुश देखकर मेरी भी उत्सुकता बढ़ रही थी । मोहन कुछ देर तो चुप रहा । फिर अपनी पैंट की जेब से तम्बाकू निकाला और उसका पैकेट फाड़ते हुए बोला-

“कल से मुझे बड़े होटल की गाड़ी चलानी है । वह मौर्या होटल है ना फ्रेजर रोड में उसी की । वहां के मैनेजर साहब है न, ऊ हमको जानते हैं । वही कल फ़ोन किये थे । कोई विदेशी साहब लोग आये हैं । छह-आठ महीने तक यहीं रहेंगे । इसलिए जब तक ऊ लोग यहाँ रहेंगे उन्ही के लिए गाड़ी चलाने को कहा है । अच्छा पैसा भी मिलेगा और दिनभर की भागदौड़ भी नहीं रहेगी ।“
“अरे वाह ! ई तो बहुत अच्छी बात है । सुना है ई विदेशी लोग सबके पास पैसा बहुत होता है ।“ नमन ने खुश होते हुए कहा । मोहन ने तम्बाकू के पैकेट से आधा खुद खाया और आधा नमन को दे दिया ।
“हाँ बहुत पैसे वाले होते हैं ई लोग ।“ मोहन ने तम्बाकू चबाते हुए कहा और फिर इतनी देर में कुछ याद आया शायद उसे, वो उठा और नमन को बाद में मिलने को बोल चला गया ।
मोहन अब हर रोज यहाँ नहीं बैठ पाता था । होटल से उसे छुट्टी ही

बहुत देर से मिलती थी । सीधा घर ही जाता था वह । उसकी गाड़ी अक्सर रात को दस-ग्यारह बजे के करीब आती थी घर पर । काफी दिनों बाद वह एक शाम जल्दी आ गया था । नमन और बाकी लोग भी बैठे थे चबूतरे पर ।

“का हो विदेसिया बाबू? इहाँ कईसे पधारे हो ?” नमन ने उसकी टांग खीचते हुए मजे में कहा ।
“बस आज मिल गयी छुट्टी इसलिए आ गए जल्दी आप सब लोग के दर्शन करने ।“ मोहन ने कहा और वही चबूतरे पे बैठ गया ।

मोहन से उन विदेशियों के बारे में जानने के लिए सभी बेताब थे । मै भी अत्यंत उत्सुक था । मोहन ने एक एक करके सारी बातें बताई ।

“जब हमने पहली बार उन विदेशी लोगो को देखा तो एक दम देखते ही रह गए । एक दम गोर से थे और टमाटर की तरह लाल हो जाते थे जैसे ही धुप में ज्यादा देर रुके तो । होटल के मैनेजर ने फिर मेरा परिचय विदेसी साहब से करवाया । उसने हाथ भी मिलाया ।”

फिर मैनेजर ने कहा -“तुम्हे रोज सुबह सर का मैसेज आएगा की तुम्हे कितने बजे होटल आना है । और मैसेज ना भी आये तो आठ बजे तक होटल आ जाना है गाड़ी के साथ । साहब और मैडम दोनों के ऑफिस का टाइम अलग अलग है इसलिए दोनों को ऑफिस से लाने और ले जाने की सारी जिम्मेदारी तुम्हारी है ।“

इतना बोलकर मैनेजर चला गया । मुझे तो शुरू में लगा था कि बस एक ही साहब होंगे । पर साथ में उनकी पत्नी भी थी । वैसे वह होटल भी काफी बड़ा है । पंद्रह मंजिल की है । होटल के बाहर ही एक तरफ गाड़ी खड़ी करनी होती थी । गाड़ियों के लिए अलग से जगह है वहां । लॉबी मैन के इशारा देते ही मै गाड़ी लेकर गेट के पास चला जाता था और वहां से साहब बैठते थे फिर । साहब और मैडम दोनों ही काफी लम्बे कद काठी के थे । साहब थोड़े मोटे से थे । बड़े बड़े भूरे रंग के बाल, मोटा सा होंठ एकदम लाल सा, नीली-नीली बड़ी सी आँखें, और गोल सा छोटा नाक । मिलाजुलाकर ठीक ही दीखते थे । मैडम सुन्दर थी, लम्बे भूरे बाल, खुबसूरत सी नीली आँखें, और छरहरा शरीर ।

मैंने कभी उनकी आँखों से आँखें मिलाकर बात नहीं की । वो लोग ज्यादा बात ही नहीं करते थे । गाड़ी में बैठते और मैं उन्हें ऑफिस छोड़ देता था । अगर कहीं अलग जाना होता तो बस जगह का नाम बताते फिर मै उन्हें वहां पहुंचा देता । साहब सुबह दस बजे निकलते थे उन्हें शाम चार बजे वापस लाना होता था । और मैडम बारह बजे ऑफिस जाती थी । वह ज्यादा देर नहीं रहती थी ऑफिस में । उन्हें दो बजे ही वापस लाना होता था । यह सिलसिला करीब यूहीं महीने भर चला। हमारी कोई ख़ास बात नहीं हुई कभी । मगर एक दिन अचानक साहब ने पूछा-

“व्हाट इज योर नाम मिस्टर?”
थोड़ी बहुत अंग्रेजी समझ और बोल तो लेता ही हूँ मै । बड़ा अच्छा लगा, सोचा चलो कुछ तो पूछा । मै खुश होकर बोला “सर, आई ऍम मोहन कुमार ।“
“ओह ! ग्रेट... मोहन आई ऍम स्टीव ।“ साहब ने अपना नाम बताया ।
“आह ... हेल्लो सर ।“ मैंने भी उसको हेल्लो बोल दिया । कुछ समझ नहीं आ रहा था क्या बोलू ।
“हा हा हा हा ।“ स्टीव ने हंसी लगाई । मैंने सोचा इसमें हसने वाली भला क्या बात है ।
“यू आर ए गुड ड्राईवर मोहन । यू ड्राइव वैरी वेल ।“ स्टीव ने ने मेरी तारीफ़ करते हुए कहा ।
“थैंक यू सर ! “ मै हंसते हुए बैक मिरर में उसे देखा और बोला ।
“सो सीन्स हाउ लॉन्ग यू आर ड्राइविंग?” स्टीव ने पूछा ।
“सर... ट्वेंटी इयर्स ।“ मै थोड़ा सोचा और बोला ।
“हम्म ....” । स्टीव ने मुंडी हिलाई । वो बाहर देख रहा था ।
“सर माय फादर वाज आल्सो ए ड्राईवर । बट ही ड्रोव ओनली ऑटो रिक्शा ।“ मैंने थोड़ी बहुत अंग्रेजी में उससे बात करने की कोशिश की ।
“यू सीम क्वाईट एडुकेटेड । यू स्पीक् इंग्लिश टू । स्टीव बोला ।
“यस सर, आई ऍम ग्रेजुएट । आई डीड माय एडुकेशन फ्रॉम लोकल कॉलेज । दैट इज वाई नॉट सो गुड इन इंग्लिश ।“
यह सुनकर स्टीव बड़ा खुश हुआ । वह उत्सुक होकर मेरी बातें सुन रहा था ।
“इज एवरीवन इन योर फैमिली एडुकेटेड ? हाउ बिग इज योर फैमिली?“ स्टीव ने पूछा ।
“यस सर....बट नॉट एग्जेक्ट्ली । माय फादर इज ओनली क्लास टेंथ पास । ही टूक पार्ट इन ए मूवमेंट लेड बाई जयप्रकाश नारायण अगेंस्ट करप्शन। ही वेंट टू जेल फॉर दैट । आफ्टर दैट फैमिली कंडीशन वाज नॉट सो गुड । सो ही लेफ्ट स्टडीज । माय वाइफ इस आल्सो टेंथ क्लास पास । बट शी डज नॉट स्पीक इंग्लिश । शी ओनली मैनेज हाउस वर्क्स।“ मैंने एक बार में ही उसे सारी कथा सुना दी। पर वह सवाल पूछे ही जा रहा था।
“एंड व्हाट अबाउट योर चिल्ड्रेन?”
“सर,,, आई हैव टू डॉटर्स । वन इज स्टडिंग इंजीनियरिंग एंड वन इज इन क्लास नाइन्थ । आई ऍम डूइंग हार्ड वर्क ओनली फॉर देम।“
यह सुनते ही कि मेरी बेटी इंजीनियरिंग कि पढाई कर रही है उसकी आँखें चौड़ी हो गयी। वह बहुत खुश था। उसका ऑफिस आ गया था। मैंने उसे वहां उतारा। उतरने के पहले स्टीव ने मुझे तीन सौ रूपए दिए

और कहा कि सिगरेट की एक पाकेट खरीद लू, वो लौटते वक़्त ले लेगा । काफी महँगी सिगरेट पीता था स्टीव ।
धीरे-धीरे स्टीव और स्टेला दोनों मुझसे बातचीत करने लगे। सप्ताह के सातो दिन यूँ तो मेरी ड्यूटी होती थी। मगर सोमवार को अक्सर छुट्टी मिल जाती थी, और इसकी वजह भी तो क्या...... शराब ! जी हाँ। हर शनिवार और रविवार दोनों के लिए मुझे महँगी महँगी शराब खरीद कर लानी पड़ती थी। दोनों जब भी पीते थे मुझे भी अपने रूम में बुलाकर साथ पीने को कहते। मुझे बड़ा डर लगता था कि कहीं कुछ गड़बड़ न हो जाए। शुरू में तो उनके रूम के अन्दर उनके साथ साथ पीने की हिम्मत न हुई, मगर स्टीव और स्टेला दोनों के बार-बार कहने पर एक दो पैग लगा लिया करता था। बहुत मिलनसार हो गए थे वह मेरे साथ। हमेशा मेरा नाम लेकर बुलाते थे। बड़े प्यार से। मुझे वाकई बहुत अच्छा लगता था।

एक दिन स्टेला को ऑफिस ले जाते वक़्त उसने मुझे पटना के फिनिक्स मॉल चलने को कहा। काफी बड़ा मॉल है और महंगा भी। मैंने आज तक कभी अन्दर कदम भी नहीं रखा। इतने पैसे नहीं और नहीं हैसियत कि वहां जाए। मैंने उसे मेन गेट पे उतारा और गाड़ी पार्किंग में खड़ी करके उनका वेट करने लगा । मगर आश्चर्य की बात तब हुई जब वह मुझे भी साथ चलने को कहने लगीं। मै बहुत अजीब महसूस कर रहा था। ढंग के कपडे भी नहीं थे मेरे। स्टेला एक कपड़े के शोरूम में गयी। वहां उन्होंने कुछ शर्ट्स लिए और फिर मुझे जीन्स पसंद करने को कहा। मै तो एक दम घबरा गया। भला मुझे क्यों बोल रही ये पसंद करने। मैंने दो-तीन जीन्स पसंद की। उन्होंने फिर चार जीन्स, चार शर्ट, मेरी माँ और वाइफ के लिए साड़ी, और मेरी बेटियों के लिए भी कपड़े लिए। मै बिलकुल घबरा रहा था। डर लग रहा था कि कहीं मेरी तनख्वाह से पैसे तो नहीं काटेगी। मैंने बोल भी दिया –
“मैडम!.... आई डोंट वांट दिस। आई हैव नॉट सो मच मनी। यू विल कट दी मनी फ्रॉम माई सैलरी।“
स्टेला समझ गयी की मै घबरा रहा था। जोर से हसने लगी और बोली-
“हा हा हा... डोंट वरी इट्स अ गिफ्ट फॉर यू एंड योर फैमिली।“

सारी खरीददारी हो जाने के बाद उसने मुझे गाड़ी मेरे घर ले चलने को कहा। मेरी तो समझ नहीं आ रहा था कि वो ऐसी मेहेरबानी क्यों कर रही है। मन बहुत शंकित था। मैंने उसे कहा कि उसे आने की क्या जरुरत भला। वह अच्छे होटल में रहने की आदी है। और मेरा घर छोटा सा है उसको अच्छा नहीं लगेगा। मगर वह नहीं मानी। ये विदेशी लोग बड़े अजीब होते हैं। जब जो जी में आ जाए करने निकल पड़ते हैं। न इधर का सोचना ना उधर का।

गाड़ी घर पहुंची और जैसे हीं वो गाड़ी से निकली मेरे घर के बाहर तो जैसे सैकड़ो आँखें गड़ गयी हो। सभी फटी-फटी निगाहों से देख रहे थे। ऐसा सोच रहे हो मानो ये गोरी मेम कहाँ से आ गयी इस गरीब के घर।

कहानी बीच में रोक मोहन बोला-

“नमन ...तू भी तो था उस दिन जब वो आई थी?”
“हाँ तभी से तो तुम विदेसिया हो गए” नमन ने मजे लेते हुए कहा।

मोहन ने आगे की बात बताई।
स्टेला अन्दर आई। भले ही घर छोटा था मगर दिल तो बड़ा था हमारा। उसने सबसे अच्छी तरह से बातचीत की। बाबूजी ने तो उसे खाना खाने को भी कहा। मगर उसने सिर्फ थोड़ा सा हलवा खाया। मेरी बेटी पेंटिंग भी करती है ना। स्टेला ने उसकी दो पेंटिंग्स ली। एक घंटे रुकने के बाद मैंने उसे वापस होटल छोड़ दिया।

अगले दिन स्टीव ने बताया कि वो एक महीने के लिए लन्दन जा रहा। तब तक उसने मुझे स्टेला मैडम के लिए ही ड्राइविंग करने को कहा। मगर उसके जाते हीं स्टेला मैडम मुझसे रोज-रोज शराब लाने को कहने लगी । मुझे यह समझ नहीं आता था कि वह होटल वालों से क्यों नहीं बोलती शराब के लिए। हालाकि वह मुझे पैसे भी देती थी। मै डर-डरकर लाता भी था। मगर स्टीव के अनुपस्थिति में स्टेला बहुत शराब पीने लगी थी। एक बार यूही उसने मुझे शराब लेकर आने को कहा। मै अब घबराता था, हर पल सोचता था कि कुछ गलत न हो जाए। होटल का लॉबी मैन बहुत अच्छा था। इतने दिनों से मै वहां था तो हमारी अक्सर बातें भी होती थी। वह सब जानता था। उसी ने मुझे सतर्क किया और कहा कि स्टेला मैडम को रिसेप्शन पे कॉल करके तुम्हे बुलाने को कहूँ। मुझे उसकी बात सही लगी। कल को कुछ गलत हो जाए तो कम से कम यह तो पता रहेगा की मैडम ने ही हमको बुलाया था। मैंने ऐसा ही किया। उस दिन मैडम ने मुझे रूम मैं ही बैठने को कहा। स्टीव नहीं थे इसलिए बाकी दिनों में मै बस शराब देकर आ जाता था। मगर उस दिन रुकने की वजह नहीं समझ आ रही थी। सोचा शायद मैडम को कोई काम होगा इसलिए रोका है मुझे। स्टेला मैडम ने खुद शराब के दो पैग बनाये और मेरे सामने ही सोफे पे बैठ गयी। फिर मुझे भी बैठने को कहा। डरते डरते मै बैठा। उटपटांग से ख्याल आ रहे थे मन में। डरा हुआ भी था मै। मैडम ने मुझे भी एक ग्लास लेने को कहा। स्टीव नहीं थे इसलिए मैंने मन कर दिया। मगर वह जबरदस्ती देने लगी। मैंने झट से वह ग्लास ख़त्म किया फिर यह बोलकर वहां से भाग आया कि मुझे काम से बहुत दूर जाना है। ये विदेशी लोग बहुत खुले विचार के होते हैं। कब क्या हरकत करने लगे कौन जाने। वे फिल्मो में भी तो दिखाते हैं। अलग

तरह की परवरिश होती है उनकी। नमन और बाकी सबने भी ये सुन सिर हिलाया ।
“फिर क्या हुआ?” नमन ने उत्सुक होकर पूछा।
“फिर क्या मै यही सब सोचते हुए घर आ गया वापस।“

महीने बाद स्टीव वापस आये। उन्हें लाने के लिए एअरपोर्ट गया था मै। मन को बहुत तसल्ली थी उनके आने से। लौटते वक़्त स्टीव ने मुझसे हाल समाचार पूछा और बहुत सारी बातें की। उन्होंने अपनी बेटी का फोटो भी दिखाया। वो भी क्लास नाइन्थ में पढ़ती है। फिर अपने घर की फोटो दिखाई। बहुत बड़ा था घर, पत्थर का बना हुआ। वो फिल्मो में बड़े बड़े घर दिखाते है न बिलकुल वैसा। घर के चारो तरफ हरे रंग का लॉन। मुझे बहुत अच्छा लग रहा था की स्टीव ने अपने घर और परिवार की चीजे मुझे दिखाई।

थोड़ी दूर आते ही फुलवारीशरीफ़ के पास किसी ने लिफ्ट मांगने के लिए हाथ दिखाया। स्टीव ने कहा कि गाड़ी रोक लू। पर मैंने नहीं रोकी । अरे कौन जाने कौन था और कुछ हो जाता तो। मैंने उसको समझाया की रात को यहाँ अनजान आदमी को लिफ्ट देना ठीक नहीं। वैसे भी शहर में किडनैपिंग और मर्डर बहुत आम था उसे वक़्त। स्टीव समझ गए।
स्टीव के आ जाने के बाद सबकुछ बिलकुल वैसा ही हो गया पहले जैसा। स्टेला मैडम ने भी शराब पीना कम कर दिया था। महीने बाद स्टीव ने बताया कि वो लोग कुछ दिनों में हमेशा के लिए लन्दन चले जायंगे। स्टीव ने मुझसे पूछा कि क्या मुझे कुछ चाहिए। वो शायद मेरी कोई स्पेशल ख्वाहिश पूछ रहे थे। मैंने उस वक्त मना कर दिया। क्या बोलता उस वक्त। बस मुस्कुरा भर रह गया।

उनके जाने का वह दिन भी आ गया। उन्हें छोड़ने मै एअरपोर्ट गया। वहां स्टीव और स्टेला दोनों ने मिलकर मुझे मेरी सारी तनख्वाह दी। जो मेरी उम्मीद से कहीं ज्यादा थी। स्टेला ने एक बड़ा सा पैकेट दिया और कहा कि मेरे परिवार के लिए गिफ्ट है। मै समझ गया कि उस पैकेट में क्या था। इतने दिनों तक उनके लिए गाड़ी चलते वक्त ये महसूस ही न हुआ की वे लोग बहुत बड़े लोग है। गले मिलकर उन्होंने अलविदा कहा। मै भी बहुत भावुक हो गया। उनके जाने के कुछ देर तक वही रुका रहा। लौटते वक़्त पूरे रास्ते सोचता रहा कि कैसे कोई अनजान देश से आकर इतना अपना हो सकता है। घर आकर पत्नी और माँ को वह गिफ्ट और अपनी तनख्वाह दी। फिर उनको भी सारी बातें बताई। मुझे जाने क्यों ग्लानि सी महसूस हो रही थी। पूरे समय मै उनदोनो पर शक करता रहा और डरता रहा। इसके विपरीत उन्होंने जाते जाते भी ढेर सारा प्यार दिया। इतने सालो तक जाने कितने ही नेताओं, मंत्रियो और बड़े लोगो की गाड़ियां चलाई, किसी को मेरा नाम तक ठीक से नहीं मालूम। “ओये ड्राईवर” इसके अलावा कोई और नाम से नहीं बुलाता कभी। और एक ये लोग थे जो बिलकुल अलग थे। ख़ुशी और ग्लानी दोनों ही भाव लिए मन विचलित रहा उनके जाने पर।

मोहन की कहानी सुन मेरा मन भी खुश था। उसे एक अच्छा अनुभव हुआ था। उसे ऐसे लोग मिले जिन्होंने रिश्तो को बड़ा समझा। रंग-रूप, जात-पात को नहीं । मेरे मन को भी तसल्ली हुई। वैसे भी शहर में नेताओं की राजनीति ने बहुत उपद्रव फैला रखा था। बड़े-बड़े नेता ने खुद गुंडों को शह दे रखा था। ऐसे में मोहन को मिली ये सीख उसके जीवन का एक अमूल्य अनुभव साबित होगी।

**लछमिनिया**

सीतामढ़ी जिले के एक गाँव की है लछमिनिया। उसको आज से लगभग १० साल पहले देखा था। अब वो लक्ष्मी कुमारी हो गयी है । तब वह एक मैले हाफ पैंट और पुरानी फ्रॉक में इधर-उधर दौड़ती-फिरती नजर आती । रंग तो सांवला ही था, किन्तु उसपर चमक थी । अपने माँ-बाप कि तीन संतानों में से पहली लछमिनिया थी। पास-पड़ोस कि लडकियों को जब वो स्कूल जाते देखती, तो वह भी स्कूल जाने कि जोड़ करने लगती ।

लछमिनिया का बाप शाम को मजदूरी कर जो कुछ लाता, उसकी माँ कूट-पीस, फटक-छटक कर बाप साथ बच्चो को परोस देती । लछमिनिया का छोटा भाई और उससे छोटी बहन अभी स्कूल नहीं जाते । प्रारम्भ में तो लछमिनिया औसत छात्राओं की तरह ही पढने में दिखती, किन्तु धीरे-धीरे उसकी प्रतिभा निखरने लगी । कोचिंग में पढने की तो आर्थिक स्थिति न थी, वह सरकारी स्कूल में ही नवमी कक्षा तक आते आते वर्ग में प्रथम आने लगी । दलित छात्रा होने कारण उसे छात्रवृति मिल जाती, मुफ्त किताबें भी पा जाती । दशमी कक्षा में माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी से वह उत्तीर्ण हो गयी । इसके साथ ही उसे सरकार ने दस हजार रुपये का चेक थमाया । माँ-बाप कि ख़ुशी का ठिकाना न रहा । गर्व से छाती फूलने लगी । आपसी प्रतिस्पर्धा, मिहनत, लगन और अपने सुनहरे भविष्य के सपनो ने उसके व्यक्तित्व में भी निखार ला दिया । दुबला-पतला, साँवला, छरहरा शरीर, मुखमंडल पर चमक, नाक-नक्श की बनावट सब मिलाकर वह अपने दलित समुदाय की लड़कियों में विशिष्ट और अनुकरणीय बन गयी । उसने इंटरमीडियट विज्ञान में भी प्रथम श्रेणी प्राप्त कर सबका नाम रोशन किया । इस तरह लछमिनिया अब लक्ष्मी कुमारी हो गयी ।

अब पहले वाली बात न थी । अभी दस साल पहले दलित समुदाय की ग्राम बालिकाओं कि संख्या विद्यालयों में मुश्किल से पांच प्रतिशत थी । अब वह दस से बीस प्रतिशत तक पहुँच गयी है । यह सब प्रगति, नारी सशक्तिकरण के कारण कि संभव हुई है । अब कमोबेश सभी अभिभावक बेटो के साथ अपनी बेटियों को भी विद्यालय भेजने लगे हैं । निचले, माध्यम तथा उच्च तबके के समाज में जो जागृती की लहर आई है लक्ष्मी कुमारी उसका ज्वलंत उदाहरण है । संपन्न माँ-बाप की तरह अब विपन्न माँ-बाप भी अपनी बेटियों को बेटो के बराबर समझने लगे हैं ।

हाँ, तो लछमिनिया लक्ष्मी कुमारी बनकर, इंटरमीडियट विज्ञान की छात्रा बनकर डॉक्टर बनने के सपने देखने लगी किन्तु आर्थिक विवशता उसके पाँव की बेड़ी बन गयी । पड़ोस के ही एक विधायक ने उसकी शिक्षा का भार ले लिया । अब वह मेडिकल की छात्रा है । उसके सपनो को अब पंख लग गए हैं । देखते ही देखते बेटियाँ अपनी सफलता का परचम सभी क्षेत्रो में लहरा रही हैं ।

## Sample illustration page









## Size of the book



# Sample layout of the book



**परिचय**

मै एक बूढ़ा पीपल हूँ। इस गाँव में कई वर्षों से हूँ। कई पुश्ते देखी हैं इस मिट्टी की। पल-पल बढ़ते देखा है इसे।

5

बैलों की आहट से उगती सुबहें और किसानो के उल्लास से भरी शामें । मेरी आवाज भले ही कोई सुन न सके, पर इस गाँव के हर घर की कहानी मालूम है मुझे । यहाँ के सब दुःख-सुख देखे हैं मैंने। हर मौसम कि हवा झेली है यहाँ ।

6



# Bibliography

Paper:
1. Chronic poverty and social Conflict in BIhar. N.R.Mohanty
2. New Phase in backward caste politics in Bihar (1990-2000). Ghanshyam Shah.
4. Chronic poverty and social Conflict in BIhar.

Books:
1. A New Phase in bihar, N.K.Singh, Nicholas Stern,
2. Bihar mein saamaajik parivartan, Shrikant
3. Biharnaama, Hariwansh, Faisal Anurag
4. Bihar Ek Khoj, Hemant
5. The Art of Mithila, Yves Vequaud
6. Baba Batesarnath, Nagarjuna

Graphic Novels:
1. Corridor, Sarnath Banergy
2. Adi Parva, Amruta Patil
3. Hope is a Girl, Selling Fruit, Amrita Das